न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस
अपील संख्या 25/2019 एल आर एक्ट
अनवान हुणताराम बनाम हजारीराम वगैरह
अपील विरूद्व आदेश– उपखण्ड अधिकारी तारानगर जिला चूरू दिनांक 21.05.2018

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
01.11.2021	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट अनुपस्थित। अपीलान्ट स्वय अनुपस्थित। रेस्पोडेन्ट संख्या 1 के अभिभाषक अनुपस्थित। अभिभाषक अपीलांट को ऑर्डरशीट दिनांक 05.04.2021 से लगातार बहस हेतु अवसर दिये जा रहे है। पत्रावली वर्ष 2019 से विचाराधीन चल रही है। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलान्ट हुणताराम को रूक– रूक कर आवाज लगवाई गई बावजूद आवाज के वे न तो स्वय उपस्थित आये और न ही उनकी ओर से कोई वेधानिक प्रतिनिधी उपस्थित आये। इस प्रकार अभिभाषक अपीलांट की एवं स्वय अपीलान्ट की अकारण बिना किसी आधार के अनुपस्थिती उनके न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश के अभाव को सिद्व करती है व स्वेच्छा अनुपस्थिती मामला चलाने मे अरूचि जाहिर करती है। इस प्रकार अभिभाषक अपीलान्ट को बार–बार बहस हेतु अवसर दिये जाने के उपरान्त भी आज अनुपस्थित रहे। अतः यह पत्रावली अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम होकर आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड लौटाया जाकर पत्रावली बाद तरतीब,तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अति.संभागीय आयुक्त बीकानेर	